# 8 करोड़ रुपए से बनी सड़क में आई दरार


## बरगवां-नैकहवा पीसीसी सड़क चढ़ी कमीशनखोरी की भेंट, अधिकारी ने कहा कराएंगे जांच, सोन नदी से पहुंची थी रेत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 नवम्बर. जिले में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्य का एक और गंभीर मामला सामने आया है.**

बरगवां से नैकहवा मार्ग तक बनाई गई पीसीसी सड़क जिसकी लंबाई लगभग 9 किलोमीटर है. जनता के पैसों की खुली लूट का उदाहरण बन चुकी है. इस सड़क निर्माण पर शासन द्वारा 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई, लेकिन गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क सेवाकाल में ही दम तोड़ चुकी है. इस सड़क कार्य को प्रारंभ तिथि 15 मार्च 2024 दर्शाई गई है. चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क का कार्य अभी हाल ही में





पूरा होना बताया है, लेकिन स्थिति यह है कि सड़क जगह-जगह से टूटने लगी है. पीसीसी सड़क मार्ग में एक-दो नहीं, बल्कि कम से कम 50 से अधिक स्थानों पर दरारें पड़ चुकी हैं. इन दरारों को छिपाने के लिए, मरम्मत के नाम पर सिर्फ सीमेंट का लेप लगाया जा रहा है.

### लोनिवि की भूमिका संदेह के घेरे में

इस पूरे प्रकरण में सबसे चिंताजनक बात यह है कि लोक निर्माण विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में है. बिना गुणवत्ता जांच के कार्य को स्वीकृति देना और भुगतान करना स्पष्ट करता है कि अधिकारियों ने आंख मूंदकर ठेकेदार को संरक्षण दिया है. यदि समय रहते इस मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो ऐसी लापरवाहियां भविष्य में और बढ़ती रहेंगी. अब यह आवश्यक हो गया है कि इस सड़क और पुल निर्माण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा जनता के पैसों की बर्बादी रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं. लेकिन आम जनता यही कह रही है कि बरगवां से नैकहवा पीसीसी सड़क निर्माण में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत से ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य में जमकर अनियमितता किया है. तभी तो सेवाकाल में ही सड़क ने दम तोड़ दिया है. लोनिवि सिंगरौली के कार्यपालन यंत्री एसबी सिंह कर्चुली का कहना है कि अगर बरगवां से नैकहवा पीसीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है, समयावधि के पहले ही सड़क फट रही है और दरार आ रही है तो इसकी जांच मैं स्वयं करने जाऊंगा.

# आरोपी शहबाज का मकान तोड़ा



### परेशान युवती ने कर ली थी आत्महत्या

**खंडवा,27 नवम्बर. जिले की हरसूद तहसील के मुख्यालय में मोहन सरकार का प्रशासन आक्रामक दिखा. यहां लव जिहाद के आरोपी शाहबाज का घर बुलडोजर से रौंद दिया गया.** जेसीबी के पंजे खौफ दिखा रहे थे, इस समय तमाशा देखने वाले और पुलिस, प्रशासन मौजूद था. ज्ञातव्य है कि अरबाज शाह नाम का युवक लंबे समय से एक युवती पर उत्पीड़न संबंधी दबाव बना रहा था. इसी बीच परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली थी. युवती की मौत से समाज में भारी विरोध उपज रहा था. युवती की मौत के बाद कुछ स्थान पर तनाव की स्थिति भी थी. जिले में योगी सरकार का स्टाइल पहली बार दिखा.

प्रशासन का कहना है कि संबंधित मकान शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाया गया था. नियमानुसार मकान मालिक को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन तय समय-सीमा में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई. कार्रवाई से पहले घर में रखा सामान सुरक्षित रूप से हटाकर अन्य स्थान पर रखवाया गया. न्यायिक प्रक्रिया पूरी वहीं, आरोपी के परिजनों ने इस कदम को अनुचित बताया और कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कोई कठोर निर्णय लिया जाना चाहिए. प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है.

# सिंधिया ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

### जनसुनवाई में सुनी सैकड़ों लोगों की समस्याएं

**गुना, 27 नवंबर. केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने तीन दिवसीय प्रवास के तहत बुधवार देर रात गुना पहुंचे.**

गुरुवार सुबह उन्होंने सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर जनसुनवाई कर क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद किया. इस दौरान सैकड़ों लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें सिंधिया ने धैर्यपूर्वक वन-टू-वन सुना. उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों को उन्होंने तत्काल आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर



किशोर कन्याल और एसपी अंकित सोनी भी इस दौरान मौके पर मौजूद रहे. जनसुनवाई के बाद सिंधिया ने जिले में करोड़ों की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इनमें विकासखंड बमोरी के ग्राम हनुमानमूंदरा में चार विद्युत सबस्टेशन हनुमानमूंदरा, काली भोंट, करोंद और धनवाड़ी का लोकार्पण किया गया.

इसके साथ ही पांच नई सड़कों और हाई स्कूल भवन कपासी का उद्घाटन भी किया गया, जिन पर कुल 18 करोड़ रुपये की लागत आई है. इस अवसर पर उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गति निरंतर तेज की जाएगी और जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया जाएगा. इसके बाद दोपहर में सिंधिया पंचमुखी हनुमान मंदिर सिंगवासा पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजना सिंगवासा एवं मावन के बीच 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज का भूमिपूजन होगा.

# सभी जगह फंड दे रहे हो, लेकिन हाईकोर्ट को अंतिम स्थान पर रखा

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग के लिए भवन निर्माण के लिए बजट आवंटन में देरी के मामले को सख्ती से लिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि सभी जगह फंड दिया जा रहा है, लेकिन हाईकोर्ट को अंतिम स्थान पर रखा है. युगलपीठ ने सरकार को बजट स्वीकृति पर जल्द निर्णय लेकर बताने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को निर्धारित की है.

# आईएएस वर्मा के खिलाफ उग्र हुआ चंबल, पुतले फूंके

### ब्राह्मण विरोधी टिप्पणी पर फूटा गुस्सा, एफआईआर की मांग

**ग्वालियर/भिंड ,27 नवम्बर. अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान के खिलाफ पूरे ग्वालियर चंबल अंचल में विरोध और तेज हो गया है.**

भिंड जिले में भी परशुराम सेना के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और संतोष वर्मा का पुतला फूंककर उन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की. वर्मा के पुतले को कार्यकर्ताओं ने लातों से पीटा. उधर दबोह में भी ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा का पुतला



फूंका गया. आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा आरक्षण और अंतर्जातीय विवाह से जुड़ी कथित टिप्पणी के विरोध में आज गुरुवार को दबोह में भी ब्राह्मण समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया. समाज के सदस्य बड़ी संख्या में आज विश्राम गृह पर एकत्र हुए, जहाँ उन्होंने आईएएस वर्मा द्वारा कथित रूप से दिए गए बयान की निंदा की और आक्रोश व्यक्त किया.

समाज के लोगों ने 'आरक्षण की औलाद' लिखे उनके पुतले को हाथों में लेकर विश्राम गृह से एक रैली निकाली. रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए झंडा चौक पहुँची, जहाँ पुतला दहन किया गया. इस दौरान उपस्थित लोगों ने आईएएस अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की और कड़ी कार्रवाई की मांग की. पुतला दहन के बाद समाज के प्रतिनिधि दबोह थाना पहुँचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की.

### एक नजर में

## अत्याधुनिक वाहनों को महापौर ने दिखाई झंडी

**जबलपुर,27 नवम्बर .** शहर की वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए, गुरुवार को औपचारिक रूप से शीतकालीन 100 डेज एक्शन प्लान का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस वृहद अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से शीतकाल के दौरान हवा में बढ़ने वाले धूल और प्रदूषक कणों के स्तर को नियंत्रित करना और स्वच्छ वायु गुणवत्ता को बढ़ावा देना है. 100 दिन के लिए तैयार एक्शन प्लान का गुरुवार से शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने 32 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर महापौर ने जोर देते हुए कहा, स्वच्छता और स्वस्थ वातावरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. यह 100 दिवसीय एक्शन प्लान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जबलपुर के लाखों नागरिकों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता है. इस मौके पर उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री संदीप जायसवाल आदि भी उपस्थित रहे.

## अधिकारी-कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर

**अलीराजपुर, 27 नवम्बर .** राज्य प्रशासनिक सेवा से जनसम्पर्क विभाग में हुई नई पदस्थापना के विरोध में आज जिला जनसम्पर्क कार्यालय आलीराजपुर सहित सभी इकाइयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा. जनसम्पर्क अधिकारी संघ के आह्वान पर तृतीय वर्ग, चतुर्थ वर्ग एवं वाहन चालक संघ ने भी हड़ताल का समर्थन करते हुए कार्य बहिष्कार किया. सहायक संचालक निशा सोलंकी, कृष्णा बघेल, अभिषेक सोलंकी, वीरेंद्र बघेल, भरत चौहान सहित विभागीय कर्मचारियों ने कलमबंद हड़ताल करते हुए कलेक्टर नीतु माथुर को ज्ञापन सौंपा. हड़ताल के कारण सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, मीडिया समन्वय और सूचना प्रसारण के कार्यों पर असर पड़ा. बता दें राज्य स्तरीय विरोध की जानकारी अपर मुख्य सचिव, जनसम्पर्क विभाग को भी भेज दी गई है. कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक विवादित आदेश वापस नहीं लिया जाता, हड़ताल जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा.

## समर्पण का पॉली क्लीनिक व एम्बुलेंस लोकार्पित

**ग्वालियर 27 नवंबर .** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा है कि मानवता की सेवा सबसे बडी सेवा है. यही सेवा हमारे जीवन को धन्य बनाती है. समर्पण मनोरमा के नाम से जो बीडा उठाया गया है, समाज के अन्य लोग भी उससे प्रेरणा लेकर पीडित मानवता की सेवा में अग्रसर होंगे. आशीष अग्रवाल ने कहा सेवा का यह संकल्प लेना आज के युग में सबसे बडा काम है, और जिसे सेवा में आनंद लगे तो समझिये वह जीवन का सबसे श्रेष्ठ कार्य है. आज ग्वालियर में समर्पण मनोरमा के नये संकल्प पाली क्लीनिक और 20 सीटर एम्बुलेंस के लोकार्पण पर भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि आज के युग में समर्पण जैसी संस्थाएं मानव सेवा में लगी है तो वास्तव में समर्पण की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है. इस मौके पर उज्जैन से पधारे विख्यात संत युवराज माधव प्रपन्नाचार्य ने कहा कि सेवा को जिससे अपने जीवन का ध्येय बना लिया उसे वास्तव में ईश्वर की प्राप्ति होना निश्चित है.



## टैंक टी-55 का भव्य लोकार्पण, सिवनी को मिली नई पहचान

**सिवनी,27 नवम्बर .** जिला सिवनी में राष्ट्र की सैन्य शौर्य-गाथा के प्रतीक युद्धक टैंक टी-55 का भव्य लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर ललित शर्मा (शौर्य चक्र, सेना मेडल) थे.

# शहर को मिली फोरलेन की बड़ी सौगात

### पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने किया भूमिपूजन

**शाजापुर, 27 नवंबर. शाजापुर विधानसभा में विकास कार्य की झड़ी लगी है.**

पिछले दिनों 10 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया था और आज शहरवासियों के लिए शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने फोरलेन की नई सौगात का भूमिपूजन पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह से कराया. शाजापुर शहर को ये फोरलेन दो साल में सौगात के रूप में मिलेगा, जिसकी लागत 106 करोड़ है. साथ ही दो बड़े पुल मां राजराजेश्वरी मंदिर के यहां



बनेंगे, जिससे जाम से भी निजात मिलेगी. गौरतलब है कि शाजापुर शहर के पुराने हाईवे को अब नए फोरलेन में परिवर्तित किया गया है, जो सनकोटा जोड़ से शुरू होकर दुकराना जोड़ तक लगभग 10 किमी का बनाया जाएगा. साथ ही इस पर दो पुलों का निर्माण भी किया जाएगा. भूमिपूजन करने आए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में संबोधित करते हुए कहा कि शाजापुर विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा. कोई भी गांव सड़क से वंचित नहीं होगा. सड़क की गुणवत्ता हमारी पहली प्राथमिकता है.

# कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर को लेकर किया प्रदर्शन

**शिवपुरी.** कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ यहां बड़ा प्रदर्शन किया. पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल और पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने माधव चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. मोहित अग्रवाल ने कहा कि जिले के 1.23 लाख उपभोक्ताओं पर बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. उन्होंने इसे सरकार का तुगलकी फैसला और आम परिवार के बजट पर बोझ बताया. विधायक कैलाश कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 77 लाख उपभोक्ताओं पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से सप्लायर कंपनी को प्रति मीटर 500 रुपये का लाभ होगा.

# रादुविवि : कार्य परिषद बैठक के दौरान हंगामा

**जबलपुर, 27 नवंबर. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) में तनातनी के माहौल में कार्य परिषद (ईसी) की बैठक हुई.**

बैठक में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाना था, लेकिन कर्मचारियों की नाराज़गी और विश्वविद्यालय परिसर में तनाव ने माहौल को गर्म बना दिया. कर्मचारी पिछले कई दिनों से भर्ती व नियमितीकरण सहित लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं. गुरुवार को बैठक से पहले ही बड़ी संख्या में कर्मचारी विश्वविद्यालय पहुंचे और मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया. पुलिस के पहरे में बैठक शुरू की गई. कर्मचारियों का कहना है कि वेतन कटौती और अवकाश संबंधी प्रशासनिक निर्णयों से वे आहत हैं. उधर प्रशासन ने ईसी बैठक में प्रस्ताव रखा कि हड़ताल के दिनों को अर्जित अवकाश में समायोजित किया जाए. यह प्रस्ताव कर्मचारियों में असंतोष का कारण बना. संघ के महासचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 26 नवंबर तक के अर्जित अवकाश को समायोजित करने का सुझाव दिया था, लेकिन अक्टूबर माह में त्योहारों के चलते अवकाश कम होने से कर्मचारी इस निर्णय से सहमत नहीं रहे.

ईसी बैठक में लिपटमैन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दिव्यांगजन भर्ती, वॉक-इन-इंटरव्यू और तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति आदेश समेत कई बिंदुओं पर चर्चा हुई. विभागीय नियमों के अनुसार, अप्रैल 2023 को जारी विज्ञापन के आधार पर चयन प्रक्रिया रोकी गई थी. इसी बीच लिपटमैन ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई, जिसके बाद नियुक्तियों पर रोक लगी हुई थी. विश्वविद्यालय प्रशासन ने बैठक में बताया कि कानूनी जटिलताओं के कारण पूर्व प्रक्रिया अटकी हुई है. दूसरी ओर, एनएसयूआई के छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए ईसी सदस्यों को घेरा और मांग की कि उप प्रक्रियाओं को तत्काल बहाल किया जाए. छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन जानबूझकर नियुक्तियों को लटकाए हुए है और शिक्षकों की कमी से शिक्षण प्रभावित हो रहा है. एनएसयूआई ने हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में भी नारेबाजी की.

# डिफेंस की जमीन पर अवैध कब्जे को चुनौती, डीजी डिफेंस को नोटिस जारी

**जबलपुर, 27 नवंबर. मप्र हाईकोर्ट में शहर के छावनी क्षेत्र में डिफेंस की जमीन पर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने को चुनौती दी गई है.**

दायर मामले में कहा गया है कि वर्ष 1992 में 46 कब्जाधारकों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इनमें से अधिकतर प्रकरणों में अभी भी कार्रवाई नहीं की गई है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने इस मामले में डायरेक्टर जनरल डिफेंस इस्टेट, रक्षा संपदा अधिकारी जबलपुर, एसडीओ विनय शर्मा व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई दो जनवरी को निर्धारित की है. यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी आबिद हुसैन की ओर से दायर किया गया है. जिन्होंने अपना पक्ष स्वयं रखा. उन्होंने बताया कि डिफेंस इस्टेट ऑफिसर ने पब्लिक प्रमाइसेस एविक्शन ऑफ अन ऑथोराइज्ड ऑक्यूपेंट्स एक्ट 1978 के तहत 46 लोगों को बगीचा पीर साहब में डिफेंस की जमीन से कब्जा छोड़ने का नोटिस जारी किया था. इनमें से कुछ प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया, लेकिन शेष मामलों में अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है. आवेदक ने कहा कि उक्त लोगों का डिफेंस की जमीन पर अवैध कब्जा है. उन्होंने आरोप लगाया कि डिफेंस इस्टेट ऑफिसर किसी के प्रभाव में कार्रवाई कर रहे हैं.


### आरोप | अतिरिक्त महाधिवक्ता को लेकर दिया बयान

# मुझे आदतन अपराधी बता दिया : दिग्विजय

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 27 नवंबर. प्रदेश के एडिशनल एडवोकेट जनरल ने मुझे आदतन अपराधी बता दिया. भाजपा लोकतंत्र की बात करती , लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन नहीं मानती है.**

मुस्लिमों पर अत्याचार की स्टेटस रिपोर्ट नहीं देने पर अधिकारियों पर कार्रवाई एवं एक कमेटी बनाने की मांग को लेकर कोर्ट के समक्ष निवेदन करने आया हूं. यह बात पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कही. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज हो शहर में मुस्लिम समुदाय पर अत्याचार को लेकर हाईकोर्ट में



निवेदन करने स्वयं उपस्थित हुए. इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि अतिरिक्त महाधिवक्ता ने मुझे आदतन अपराधी बता दिया. मुझ पर 11 प्रकरण दर्ज होने की बात कही है, मैंने न्यायधीश के निवेदन किया कि मुझ पर राजनीतिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन क्रिमनल एक भी मुकदमा दर्ज नही है. उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान का पालन करना चाहती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना नहीं चाहती है. पालन करने का आवेदन करने पर यह भाजपा , आरएसएस और विहिप अपराधी बना देती है. सिंह ने कहा कि आज 2021 में मुस्लिम अत्याचार पर मैंने कोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसको राज्य सरकार ने आज तक स्टेटस रिपोर्ट नहीं दी है. उन्होंने आज तक स्टेटस रिपोर्ट क्यों नहीं दी मैं कोर्ट में निवेदन करने आया था, सुनवाई तो वकील साहब ही करेंगे. अगली तारीख पर उक्त विषय में बात होगी.

मैंने हाईकोर्ट से निवेदन किया कि मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी की एक कमेटी बनाई जाए, जहा पर प्रताड़ित व्यक्ति आवेदन दे और उसकी सुनवाई हो. साथ ही पूर्व 11 अधिकारियों, जिसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, कलेक्टर मंदसौर, इंदौर और उज्जैन, आईजी इंदौर, उज्जैन एवं एसएसपी इंदौर, एसपी उज्जैन और मंदसौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज होकर कार्रवाई हो.

# मंत्री ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया

**धार 27 नवंबर .** मध्यप्रदेश के धार जिले में उच्च शिक्षा से संबंधित अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में गुरुवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया. पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने भवन विकास निगम (लो.नि.वि.) द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 18.26 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया. समारोह पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और स्थानीय विधायक नीना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि धार संस्कृति और सभ्यता का अनूठा केंद्र रहा है.

# गजवा-ए-हिंद नहीं, भगवा हिंद बनाना है

### बागेश्वर बाबा ने की हिंदुओं से चार बच्चे करने की अपील

**शिवपुरी, 27 नवंबर. बागेश्वर बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आज गुरुवार को यहां श्रीमद् भागवत कथा शुरू होने से पहले पत्रकारों से चाय पर चर्चा की.**

इस मुलाकात में उन्होंने राजनीति, आतंकवाद और जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर बात की. पत्रकारों से बात करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि देश को गजवा-ए-हिंद जैसे विचारों के हवाले नहीं होने देंगे. हम इस देश को गजवा-ए-हिंद नहीं बनने देंगे. हमें इसे भगवा हिंद बनाना है. इसके लिए हमें संसद में जाने की कोई आवश्यकता नहीं है. उन्होंने खुद के



राजनीति में आने के चर्चाओं पर विराम लगाते हुए पदयात्रा निकालने को राजनीति का रास्ता मानने के सवाल पर कहा कि न हम राजनीति में जाने के लिए निकले हैं, न पार्टी बनानी है, न किसी पार्टी का समर्थन करना है. यह पदयात्रा केवल हिंदू एकता और सनातन एकता के लिए है. राजनीति में जाने के कई रास्ते हैं, इसके लिए पदयात्रा की जरूरत नहीं है.

पंडित शास्त्री ने स्कूलों के पाठ्यक्रम में गीता-भागवत-रामायण को जोड़ने की वकालत की. उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में ऐसे ग्रंथ शामिल होने चाहिए जो युवाओं को सही दिशा दें. अगर गीता, भागवत और रामायण को जोड़ दिया जाए तो युवा सही दिशा पाएंगे. कई पुस्तकें ऐसी हैं जो केवल अपने मजहब के लोगों को इंसान मानती हैं और बाकी को काफिर कहती हैं. सनातन धर्म ऐसा नहीं है, यह वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है. इसलिए पाठ्यक्रम में 'जोड़ने वाले' जोड़ें, 'तोड़ने वाले' नहीं. शास्त्री ने कहा कि इस्लाम धर्म मानने वाले अपने बच्चों की शिक्षा और तालीम पर ध्यान दें.